# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001
(0591) 3511043 ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in


पत्रांक 2702 / WS–118 / 10 दिनांक 8/9/2026

सेवा में

जिलाधिकारी,
मुरादाबाद।

विषय – **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के ई–पेपर में दिनांक 22.08.2026 को प्रकाशित खबर "थांवला में जल जीवन मिशन की सड़कें टूटीं : मरम्मत न होने से ग्रामीण परेशान, भाकियू ने की शिकायत" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के ई–पेपर में दिनांक 22.08.2026 को प्रकाशित खबर **"थांवला में जल जीवन मिशन की सड़कें टूटीं : मरम्मत न होने से ग्रामीण परेशान, भाकियू ने की शिकायत"** की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0स0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | मुरादाबाद में बिलारी की ग्राम पंचायत **थांवला** में जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कें ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गई हैं। इन टूटी सड़कों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने आज प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के अनुसार, इन खराब सड़कों पर बाइक सवार लगातार गिरकर घायल हो रहे हैं। इसके अलावा, मुख्य सड़क पर ई–रिक्शा पलटने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के तहत घरों में अभी तक पानी की टंकियां नहीं लगाई गई हैं, जबकि सड़कों को खोदकर उनकी स्थिति और खराब कर दी गई है। ग्रामीण तनवीर कुरेशी ने बताया कि इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे आए दिन लोग घायल हो रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में कई बार उपजिलाधिकारी बिलारी को लिखित शिकायतें दी हैं। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि इन शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है और संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसी क्रम में आज अनेक ग्राम वासियों ने सड़कों की खराब हालत को लेकर प्रदर्शन किया और प्रशासन के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की। प्रदर्शन में सफीक, समीर, मिक्की, साजिद और तनवीर कुरेशी सहित कई ग्रामीण शामिल थे। | प्रकाशित खबर के क्रम में अवगत कराना है कि विकास खण्ड बिलारी के ग्राम **थांवला में ग्रामीण पेयजल योजना** के निर्माण एवं तत्सम्बन्धित कार्य यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 विभाग द्वारा कराये गये है। पेयजल योजना में पाइप लाइन बिछाने एवं अन्य निर्माण तथा तत्सम्बन्धित कार्य यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 विभाग द्वारा कराये गये है। जिसके अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को के पुर्नस्थापना के कार्य यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 विभाग द्वारा कराये जायेगें। जिसके सन्दर्भ में इस खण्ड के पत्रांक 2525/डब्ल्यू0एस0–118/09 दिनांक 25.08.2026 द्वारा यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 विभाग को अवगत करा दिया गया है।<br>सूचनार्थ प्रेषित। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0. जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता